जय जय श्यामा जय जय श्याम

जय जय श्यामा, जय जय श्याम,
जय जय श्री वृन्दावन धाम।

पावन राधा तेरो नाम,
पावन श्री वृन्दावन धाम।

मीठो लागे तेरो नाम,
मीठो है वृन्दावन धाम।

मोहे आन मिलो घनश्याम, बहुत दिन बीत गए।
अब हो गयी जीवन की श्याम, बहुत दिन बीत गए॥

राधा के हो तुम बड़े प्यारे,
मेरे भी बन जाओ सहारे।
कहीं निकले ना जाए मेरे प्राण,
बहुत दिन बीत गए॥

तेरी सुरतिया पे वारि जाऊं,
तुमको अपने दिल में छिपाऊं।
तुम्हे देखे ना दुनिया तमाम,
बहुत दिन बीत गए॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/496/title/jai-jai-shyama-jai-jai-shyam-jai-jai-shree-vrindavan-dhaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |